दैनिक जागरण

बरेली, रविवार
5 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4+4=22

PAGE NO, IV, TOP

एसआरएमएस में चल रहा टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6

आइके कलेक्शन की धमाकेदार जीत, निशु और दीक्षु बने जीत के नायक

बरेली: एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 'श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6' में आइके कलेक्शन बरेली का जलवा बरकरार है। टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दूसरे और तीसरे मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट में मजबूत पकड़ बना ली है।

एसआरएमएस के स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी ● सौ. संस्थान

टूर्नामेंट के दूसरे मैच में आइके कलेक्शन ने एसएनएस बुलंदशहर को 150 रनों के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए आइके कलेक्शन ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 269 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। निशु पटेल (75 रन, 24 गेंद), दीक्षु (74 रन) और कमल सिंह (59 रन) तक टिके। जवाब में बुलंदशहर की टीम मात्र 119 रनों पर सिमट गई। निशु पटेल ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए दो ओवर में मात्र नौ रन देकर चार विकेट झटके और 'मैन आफ द मैच' बने। तीसरे मैच में आइके कलेक्शन ने जीएसटी आरसीसी बरेली को छह विकेट से हराया। जीएसटी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रनों पर ढेर हो गई।

आइके कलेक्शन के गेंदबाज दीक्षु ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आइके कलेक्शन ने महज 13 ओवरों में जीत हासिल कर ली, जिसमें दीक्षु ने नाबाद 44 रनों की पारी खेलकर 'मैन आफ द मैच' का खिताब जीता। रविवार दोपहर दो बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम 22 याड्र्स पीलीभीत और शाम 6:30 बजे से जीएसटी आरसीसी इलेवन बनाम एसएनएस बुलंदशहर का मुकाबला खेला जाएगा।

- आज एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम 22 याड्र्स पीलीभीत का मुकाबला
- जीएसटी आरसीसी इलेवन बनाम एसएनएस बुलंदशहर का भी मैच शाम को होगा